भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 393

02 दिसंबर, 2025 को उत्तरार्थ

विषय: बिहार में मखाना बोर्ड की स्थापना

393. श्री कौशलेन्द्र कुमारः

श्री दिनेश चंद्र यादवः

श्री गिरिधारी यादवः

क्या **कृषि और किसान कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 2025-26 के बजट भाषण में क्रम संख्या 18 में घोषित, बिहार में मखाना बोर्ड की स्थापना के प्रस्ताव की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) क्या मखाना बोर्ड के माध्यम से किसानों को कोई सुविधा प्रदान की जा रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) किसानों को प्रदान की जा रही सुविधाओं की सूची का ब्यौरा क्या है और उक्त सुविधाएं किस प्रकार से प्रदान की जा रही हैं?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)

(क): कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार ने बजट घोषणा 2025-26 के अनुसार, दिनांक 14 सितंबर 2025 के राजपत्र अधिसूचना संख्या 28/02/2025-बागवानी-तकनीक-I के तहत बिहार में राष्ट्रीय मखाना बोर्ड का गठन किया है। बोर्ड की स्थापना मखाना के उत्पादन, फसलोपरांत प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन और विपणन में सुधार के उद्देश्य से की गई है, जिसके लिए वर्ष 2025-26 में ₹100 करोड़ का बजट आवंटन किया गया है।

(ख) और (ग): किसानों को विभिन्न सुविधाओं जैसे क्षमता निर्माण, उत्पादन, फसलोपरांत प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन, बाजार एवं निर्यात संवर्धन तथा ब्रांड निर्माण हेतु सहायता उपलब्ध है। किसानों के लिए उपलब्ध सहायता का विवरण **अनुलग्नक** में दिया गया है।

अनुलग्नक

राष्ट्रीय मखाना बोर्ड द्वारा कार्यान्वित मखाना विकास हेतु केंद्रीय क्षेत्र की योजना के अंतर्गत विभिन्न घटकों में किसानों को प्रदत्त सहायता

क्रम सं.	घटक
क	**उत्पादन: उत्पादन और उत्पादकता में वृद्धि**
1	उन्नत किस्मों के बीज उत्पादन
2	क्षेत्र विस्तार
3	नए तालाब का निर्माण
4	एकीकृत खेती के साथ फ्रंटलाइन डिमोंस्ट्रेशन
5	किसानों का प्रशिक्षण
6	कटाई उपकरण
ख	**मखाने का फसलोपरांत प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन**
1	ऑन-फार्म हैंडलिंग यूनिट
2	सूक्ष्म स्तर मखाना प्रसंस्करण
3	लघु स्तर मखाना प्रसंस्करण
4	मध्यम स्तर मखाना प्रसंस्करण
5	वृहद स्तर मखाना प्रसंस्करण
ग	**मखाना क्षेत्र में तकनीकी हस्तक्षेप के लिए अनुसंधान एवं विकास**
घ	**मखाना के लिए बाजार एवं निर्यात संवर्धन और ब्रांड विकास**
1	क्रेता-विक्रेता, प्रचार बैठकें
2	राष्ट्रीय स्तर के व्यापार मेलों में मखाना पैवेलियन
3	बिक्री केंद्रों की स्थापना के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर समर्थन
4	गुणवत्ता प्रमाणन योजना
5	ब्रांड निर्माण हेतु सहायता
6	प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय मेलों में मखाना पैवेलियन की स्थापना
7	अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी में भागीदारी के लिए निर्यातकों को सहायता
8	निर्यात उत्कृष्टता पुरस्कार
ड.	**किसानों का एक्सपोजर विजिट कार्यक्रम**
च	**सेमिनार, सम्मेलन, व्यापार सम्मेलन, किसानों के लिए जागरूकता कार्यक्रम**
छ	**कृषकों हेतु अवशिष्ट विश्लेषण और खाद्य गुणवत्ता प्रयोगशाला परीक्षण की सुविधा**
ज	**किसानों के प्रशिक्षण और प्रौद्योगिकी प्रदर्शन के लिए उत्कृष्टता केंद्र**

******